

# सुरभि चंदना ने निकाला घर में वर्कआउट करने का अनोखा तरीका

कोरोना वायरस लॉकडाउन की वजह से हम सभी घरों पर रहने को मजबूर हैं। यहां तक कि सिलेब्रिटीज भी अपने घरों में बंद हैं। लेकिन इन सब के बीच फिटनेस भी जरूरी है। संजीवनी फेम सुरभि चंदना भी खुद को फिट रखने की पूरी कोशिश कर रही हैं। उन्होंने घर पर समय बिताने के लिए फिटनेस को भी अपना शौक बना लिया है। सुरभि ने हाल ही एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह घर पर एक्सरसाइज कर रही हैं।

उनका यह फिटनेस गोल देखकर फैन्स जरूर इंस्पायर होंगे। सुरभि इस वीडियो में प्लैंक करती हुई नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि वह एक्सरसाइज करते हुए फैन्स से बात भी कर रही हैं। सुरभि कहती हैं कि घर पर पड़े बहुत से सामान का इस्तेमाल एक्ससाइज करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि वह घर का सारा काम निपटाने के बाद एक्सरसाइज को ही पूरा समय दे रही हैं। इससे पहले भी सुरभि ने एक वीडियो शेयर किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि वर्कआउट ही है, जो उन्हें घर पर समय बिताने और कोरोना से लड़ने में उनकी मदद कर रहा है। वैसे वर्कआउट के अलावा सुरभि घर पर पोछा लगाने से लेकर खाना पकाने तक का काम भी कर रही हैं।

# फ्लोरा सैनी की लघु फिल्म रिलीज के लिए तैयार

हिट बॉलीवुड फिल्म स्त्री और वेब सीरीज गंदी बात में अभिनय कर चुकी अभिनेत्री फ्लोरा सैनी अपनी लघु फिल्म मदरलैंड के जल्द ही ऑनलाइन रिलीज होने को लेकर काफी उत्साहित हैं। देशभर में लॉकडाउन लागू होने की बात कहते हुए फ्लोरा ने कहा, मुझे खुशी है कि फिल्म जल्द ही यूट्यूब पर रिलीज हो रही है और कोई भी इसे कभी भी देख सकता है। यह फिल्म वास्तव में साल 2018 में बनी थी और हमें लंदन सिटी फिल्म फेस्टिवल और वर्जिन स्प्रिंग सिनेफेस्ट जैसे फिल्म समारोहों में शामिल होने का अवसर भी मिला था। अब जब हर कोई घर पर ही है, तो हमने इसे रिलीज करने की योजना बनाई है।

लघु फिल्म का लेखन, निर्माण और निर्देशन विवेक नारंग ने किया है। इस बारे में विवेक ने कहा, फिल्म का प्रमुख थीम, हमारे भिन्नता से ऊपर उठने की हमारी क्षमता के साथ हमारे विचार और दुश्मनों से हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए एकसाथ खड़ा होना ही है। फ्लोरा खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं कि उन्हें देशभक्ति वाली लघु फिल्म में काम करने का मौका मिला।

# उर्फी जावेद की क्यूटनेस से सोशल मीडिया पर मची सनसनी

छोटे पर्दे की ऐक्ट्रेस उर्फी जावेद ने अपनी कुछ गार्जस तस्वीरों से सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रखी है। आपको बताते चलें कि उर्फी छोटे पर्दे का पॉप्युलर चेहरा हैं। वह बड़े भइया की दुलहनिया, मेरी दुर्गा और बेपनाह जैसे सीरियल्स में काम करके लोगों के बीच अपनी पहचान बना चुकी हैं। उर्फी जावेद लखनऊ में पैदा हुईं, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में पढ़ीं इसके बाद उन्होंने मास कॉम्युनिकेशन की पढ़ाई की है। उर्फी ने दिल्ली में बतौर असिस्टेंट फैशन डिजाइनर काम किया इसके बाद मुंबई आ गईं। उर्फी काफी गुड लुकिंग हैं जिसके चलते उन्हें बतौर मॉडल काम करने का मौका मिला और जल्द ही वह कई मॉडलिंग कैंपेन्स का हिस्सा बन गईं। उर्फी ने कई फैशन शोज में रैम्प वॉक भी किया है। 2016 में उन्हें बड़े भइया की दुलहनिया में अवनी पंत का रोल मिला था। 2016 में ही उर्फी ने सीरियल चन्द्र नंदिनी छाया का रोल निभाया था। उर्फी जावेद नामकरण, सात फेरो की हेरा फेरी, बेपनाह, जीजी मां और डायन जैसे सीरियल्स में दिखाई दे चुकी हैं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो उर्फी अपने को-स्टार पारस कलनावत से डेट कर चुकी हैं और कुछ वक्त बाद ही उनका ब्रेकअप हो गया था। उर्फी अपनी फिटनस को लेकर भी काफी सजह हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने कई फिटनस विडियोज शेयर किए हैं।

# जब तापसी पन्नू को अहसास हुआ कि वह गरम देशों में ही रह सकती हैं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



ऐसा लगता है कि अभिनेत्री तापसी पन्नू को अत्यधिक ठंड का मौसम पसंद नहीं है। उन्होंने न्यूयॉर्क शहर की अपनी पहली यात्रा के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि वहां के बेहद ठंडे मौसम के कारण उनकी यात्रा बहुत अच्छी नहीं रही।

उन्होंने लिखा, न्यूयॉर्क शहर में मेरी पहली यात्रा और शायद यह वहां की यात्रा करने के लिए सबसे बुरा समय था! बहुत ठंड! यहां अभी बारिश हुई है और मैंने पहली बार माइनस में तापमान का अनुभव किया! तापसी ने लिखा, टाइम्स स्क्वायर से रात के खाने के लिए एक रेस्तरां में चलकर जाने ने मुझे बुरी तरह से कंपकंपा दिया। बातचीत के बीच मेरे जबड़े जम गए! उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मैं एक ट्रॉपिकल इंसान हूं और ये बेहद ठंडा मौसम निश्चित रूप से मेरे लिए नहीं हैं।

इसके साथ उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की जिसमें वह एक मोटा कोट पहने हुए अपनी दोस्त के बगल में खड़ी हैं।

तापसी ने कहा, मेरे साथ तस्वीर में एट द रेट दिव्या46 हैं जो मुझे इस यात्रा के दौरान सालों बाद मिलीं! हालांकि उस शहर में भोजन अद्भुत था।

फिल्मों को लेकर बात करें तो तापसी के पास बहुत सारे प्रोजेक्ट हैं। थप्पड़ में शानदार अभिनय करने के बाद, अब वह हसीन दिलरुबा, रश्मि रॉकेट और शाबाश मिठू में नजर आएंगी।

# अधिक एक्शन फिल्में करना चाहती हूं : प्रियंका चोपड़ा



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अब तक की अपनी कई सारी फिल्मों में कई खतरनाक स्टंट्स किए हैं। उनका कहना है कि वह इन्हें और भी अधिक करना चाहती हैं क्योंकि उन्हें एक्शन फिल्में पसंद है। प्रियंका ने बताया, मैंने हमेशा से अपने सारे स्टंट्स खुद किए हैं। मुझे अपनी बॉडी पर पूरा भरोसा है। मैं एक एथलीट हूं। मुझे एक्शन फिल्में वाकई में बहुत पसंद है। मैंने डॉन और क्वॉन्टिको में एक्शन दृश्य किए हैं। उम्मीद करती हूं कि आगे ऐसा और भी करने को मिले।

इस शैली को आमतौर पर पुरुषों का माना जाता रहा है। इसे लेकर पूर्व मिस वर्ल्ड ने कहा, मैं एक ऐसी इंसान हूं, जो दुनिया में लैंगिक समानता की बात पर यकीन रखती हूं। जिंदगी में उस दिन को देखने की उम्मीद करती हूं कि जहां हम किसी फिल्म को महिला-केंद्रित फिल्म कहने के बजाय उसे सिर्फ एक फिल्म कहेंगे, महिला निर्देशक कहने के बजाय उन्हें सिर्फ निर्देशक कहेंगे, महिला एथलीट की जगह सिर्फ एथलीट कहेंगे।

प्रियंका के पास इस वक्त कई सारी परियोजनाएं हैं, जिनमें से एक सुपरहीरो फिल्म भी है। इसका शीर्षक वी कैन बी हीरोज है। तो क्या दर्शक उन्हें सुपरहीरो के तौर पर देख पाएंगे? इस पर प्रियंका ने कहा, मैं आपको यह नहीं बता सकती, लेकिन रॉबर्ट रॉड्रिग्ज द्वारा बनाई गई यह बच्चों की एक सुपरहीरो फिल्म है। आपको स्पाई किड्स के बारे में पता है? इसमें उसकी एक झलक मिलेगी और यह कहानी कई बेहतरीन कलाकारों द्वारा बताई जाएगी। यह काफी मजेदार होगा।

# आमिर के साथ फिल्म करना चाहेंगी कंगना

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अपने कंधों पर फिल्म को सफल कराने के लिए जानी जाती हैं। फिर जब महिलाओं को पर्दे पर मजबूती के साथ दिखाने की बात हो तो इसमें फैंस उन्हें बेजोड़ मानते हैं।



हाल ही में एक इंट्रैक्शन के दौरान उन्होंने अपने ड्रीम रोल पर बात की। उन्होंने कहा कि वह अपने समय की मशहूर ऐक्ट्रेस मधुबाला और ऐक्टर दिलीप कुमार की लव स्टोरी पर फिल्म बनाना चाहेंगी।

कंगना ने कहा कि वह मधुबाला का रोल प्ले करना चाहती हैं और उनकी इच्छा है कि दिलीप कुमार का किरदार आमिर खान निभाएं। ऐक्ट्रेस ने यह भी बताया कि अनुराग बसु चाहते थे कि किशोर कुमार की बायॉपिक में वह मधुबाला का रोल अदा करें जिसमें रणबीर कपूर भी अहम किरदार में थे। हालांकि, उन्होंने हमेशा उन फिल्मों से किनारा कर लिया जिसमें उन्हें पर्याप्त या मेल कैरक्टर जितना स्पेस न मिले।

कंगना के मुताबिक, रणबीर कपूर ने उन्हें संजू ऑफर की थी लेकिन उन्होंने इसे करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह छोटे रोल नहीं करना चाहती थीं। जब ऐक्ट्रेस से उन ऐक्टर्स का नाम लेने को कहा गया जिनके साथ वह फिल्में करना चाहेंगी, इस पर उन्होंने कहा, मैं अपनी विरासत से चिपके रहने का क्रेडिट डिजर्व करती हूं। मैं रणबीर कपूर और रणवीर सिंह के साथ सिर्फ तब काम करूंगी जब उनके ऑपोजिट मेरा भी बराबर रोल हो।

यह पूछे जाने पर कि वह रणवीर सिंह और रणबीर कपूर के साथ कैसे रोल करना चाहेंगी, इस पर कंगना ने कहा, मैं रणबीर कपूर के साथ अभिमान जैसा कुछ करना चाहूंगी जो शादीशुदा जोड़े की कहानी थी। रणवीर सिंह की एनर्जी काफी ज्यादा है, ऐसे में मैं उनके साथ अ स्टार इज बॉर्न जैसी फिल्म करना पसंद करूंगी।